>

Title: Need to regularize the services of volunteers trained by Sashastra Seema Bal in Gorilla Warfare in Uttarakhand.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : अध्यक्ष महोदय, पूर्वोत्तर के राज्यों में एस.एस.बी के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को सेवायोजित किया जा रहा है और जो भर्ती की आयु सीमा पार कर चुके हैं उन्हें पेंशन और अन्य वित्तीय लाभ दिये जा रहे हैं।

पूर्वोत्तर राज्यों के अनुरूप उत्तराखंड राज्य में एसएसबी के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों जिनहें गुरिल्ला भी कहा जाता है, को सेवायोजिन करने तथा पेंशन व अन्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने की मांग को लेकर जंतर मंतर पर धरना भी दिया जा रहा है।

एसएसबी के उत्तराखंड राज्य के प्रशिक्षितों की मांग को मैं 23.08.2007 को भी सदन में उठा चुका हूं, परंतु सरकार द्वारा स्वयंसेवकों की मांग स्वीकार न किये जाने से उनमें अत्यंत रोष है। अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह उत्तराखंड के एसएसबी के प्रशिक्षित स्वयंसेवकों को सेवायोजित करें व अन्य वित्तीय लाभ व पेंशन प्रदान करें।